## पेरिस ओलिंपिक समापन समारोह

33वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 11 अगस्त 2024 को फ्रांस के पेरिस में समाप्त हुआ। अंत में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक, फ्रांस के सुपर तैराक लियोन मार्चैंड और अन्य एथलीटों ने मशाल को बुझाया।



### मुख्य बिंदु

- समारोह के दौरान ओलंपिक ध्वज **लॉस एंजिल्स USA** को सौंपा गया, जो **2028 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करेगा।**
- एथेंस में 1896 में पहले ओलंपिक के बाद से ओलंपिक प्रत्येक 4 वर्षों में आयोजित किए जाते हैं।
- लॉस एंजिल्स 1932 और 1984 में आयोजन के बाद तीसरी बार ओलंपिक खेलों का आयोजन करेगा।
- पेरिस ने भी अपना तीसरा ओलंपिक आयोजित किया था, जो इससे पहले वर्ष 1900 और 1924 में ओलंपिक खेलों का आयोजन कर चुका था।
- समापन समारोह के दौरान, मनु भाकर और पीआर श्रीजेश को भारतीय टीम के ध्वजवाहक के रूप में चुना गया। उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल का नेतृत्व ओलंपिक रजत पदक विजेता पीवी सिंधु और शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने किया।
- उद्घाटन समारोह शाम को सीन नदी के किनारे आउटडोर मंच पर हुआ, जबकि समापन समारोह पेरिस के सबसे बड़े स्टेडियम - स्टेड डी फ्रांस में आयोजित किया गया।

## पेरिस ओलंपिक में भारत की मेडल टैली

| पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत | | |
|---|---|---|
| **विजेता** | **पदक** | **खेल** |
| मनु भाकर | कांस्य | 10 मीटर एयर पिस्टल महिला |
| मनु भाकर और सरबजोत सिंह | कांस्य | 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम |
| स्वप्निल कुसाले | कांस्य | पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन |
| हॉकी टीम | कांस्य | हॉकी |
| नीरज चोपड़ा | रजत | भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) |
| अमन सेहरावत | कांस्य | कुश्ती |

## राष्ट्रपति मुर्मू को तिमोर लेस्ते का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार मिला

तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया।



### प्रमुख बिंदु

- यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है।

- राष्ट्रपति मुर्मू भारत से तिमोर-लेस्ते की पहली राष्ट्रपति यात्रा पर दिली पहुंची, क्योंकि दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाना चाहते हैं।
- यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता के साथ द्विपक्षीय बैठक के अलावा, प्रधान मंत्री ज़ानाना गुस्माओ के साथ भी बैठक होगी।

**तिमोर-लेस्ते के बारे में**

**राजधानी** - दिली

**मुद्रा** - अमेरिकी डॉलर

**राष्ट्रपति** -जोस रामोस-होर्टा

## टीवी सोमनाथन कैबिनेट सचिव के रूप में राजीव गौबा की जगह लेंगे

केंद्र सरकार ने शनिवार को टी.वी. सोमनाथन को कैबिनेट सचिव पद के लिए नामित करने की घोषणा करते हुए उन्हें कैबिनेट सचिवालय में विशेष कर्तव्य अधिकारी (OSD) के रूप में नियुक्त किया, जो 30 अगस्त से मौजूदा राजीव गौबा का विस्तारित कार्यकाल समाप्त होने पर भारत की शीर्ष नौकरशाही का पद संभालेंगे।




**मुख्य बिंदु**

- 1987-बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी सोमनाथन, वर्तमान में भारत के वित्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।
- सोमनाथन 2019 में वित्त मंत्रालय में व्यय सचिव बने और 2021 में उन्हें वित्त सचिव नामित किया गया।
- अर्थशास्त्र में पीएचडी धारक, वित्त सचिव ने अर्थशास्त्र पर 80 से अधिक पत्र और लेख प्रकाशित किए हैं। उन्होंने दो किताबें भी लिखी हैं।
- सोमनाथन ने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में भी काम किया है और प्रतिनियुक्ति पर विश्व बैंक, वाशिंगटन डी.सी. में निदेशक के रूप में भी काम किया है।
- इसके बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तुहिन कांता पांडे अगले वित्त सचिव हो सकते हैं। आमतौर पर, वित्त मंत्रालय में सबसे वरिष्ठ नौकरशाह वित्त सचिव बनता है।
- ओडिशा कैडर के 1987-बैच के सिविल सेवक, पांडे को राष्ट्रीय वाहक एयर इंडिया की लंबे समय से लंबित बिक्री को पूरा करने का श्रेय दिया जाता है और भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की सार्वजनिक शुरुआत में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने PMAY-U 2.0 योजना को मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U) 2.0 योजना को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 के दौरान प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के कार्यान्वयन को भी अनुमति प्रदान की।



**प्रमुख बिंदु**

- प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- शहरी क्षेत्रों में पांच साल में किफायती कीमत पर घर बनाने, खरीदने या किराए पर लेने के लिए राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और प्राथमिक ऋण संस्थानों (PLI ) के माध्यम से सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत 2.30 लाख करोड़ रुपये की सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।
- मंत्री ने कहा, शहरी क्षेत्रों में योजना के तहत कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का प्रावधान है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS), निम्न आय समूह (LIG) और मध्यम आय समूह (MIG) श्रेणियों में गृह ऋण के लिए 25 लाख रुपये तक चार प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी।
- सरकार ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित स्वच्छ संयंत्र कार्यक्रम (CPP) को भी मंजूरी दे दी
- कैबिनेट ने लिग्नोसेल्युलोसिक बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करके उन्नत जैव ईंधन परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए संशोधित प्रधान मंत्री जी-वन (PM JI-VAN) योजना को भी मंजूरी दे दी।

**योजना:**

1. **PMAY-U: तात्पर्य प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)**
   - **नोडल एजेंसी:** आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय
   - इसे 25 जून 2015 को लॉन्च किया गया था।
   - यह शहरी क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों को सभी मौसम के लिए पक्के घर उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है।
   - **उपलब्धियाँ:** पीएमएवाई-यू के तहत 1.18 करोड़ घर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 85.5 लाख से अधिक घर पहले ही बनाए और वितरित किए जा चुके हैं।
   - **पात्रता मापदंड**
     - ✓ **लक्ष्य खंड:** EWS, LIG और मध्यम आय वर्ग से संबंधित परिवार, जिनके पास देश में कहीं भी कोई पक्का घर नहीं है, इसके तहत पात्र हैं।
2. **प्रधान मंत्री जी-वन (PM JI-VAN) (जैव इंधन-वातवरण अनुकूल फसल निवारण) योजना**
   - इसे मार्च 2019 में अधिसूचित किया गया था।
   - **उद्देश्य**: लिग्नोसेल्युलोसिक बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक्स का उपयोग करके दूसरी पीढ़ी (2G) इथेनॉल परियोजनाओं की स्थापना के लिए एकीकृत जैव-इथेनॉल परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना।
   - **नोडल मंत्रालय:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

## शिवपुरी में देश की पहली प्रधानमंत्री जनमन कॉलोनी

प्रधानमंत्री आदिवासी जनमन महाभियान में देश में खासकर पिछड़े आदिवासी परिवारों के लिए पक्के मकान बनाने में मध्य प्रदेश सबसे आगे है। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने शिवपुरी जनपद पंचायत में बनी देश की पहली प्रधानमंत्री जनमन कॉलोनी का निरीक्षण किया।।



**मुख्य बिंदु**

- ❖ देश में पहला पीएम जनमन आवास शिवपुरी ब्लॉक की कलोथरा पंचायत के भागचंद्र आदिवासी को मिला था।
- ❖ प्रदेश में सर्वाधिक 4 हजार 443 मकान शिवपुरी में बनाये गये हैं।

**प्रधानमंत्री जनमन योजना के बारे में**

- ❖ **शुभारंभ**: प्रधानमंत्री जनमन योजना को झारखंड में जनजातीय गौरव दिवस (15 नवंबर 2023) पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में लॉन्च किया गया।
- ❖ **उद्देश्य**: 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) के विकास पर ध्यान केंद्रित करना, जिन्हें विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की योजनाओं से वंचित रखा गया है।

## लघु समाचार

- ❖ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने राज्यसभा सांसद भीम सिंह द्वारा आयोजित 'भारत के 75 महान क्रांतिकारियों' के शुभारंभ समारोह में भाग लिया।
- ❖ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त किस्मों को जारी किया।
- ❖ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके मालदीव समकक्ष मूसा ज़मीर ने 2024-2029 की अवधि के दौरान एक हज़ार मालदीव सिविल सेवा अधिकारियों की क्षमता निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) को नवीनीकृत किया है।
- ❖ बुल्गारिया के कार्लोस नासर ने 9 अगस्त को फ्रांस की राजधानी में पेरिस ओलंपिक खेलों 2024 में 89 किलोग्राम भारोत्तोलन में विश्व रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए कुल 404 किलोग्राम वजन उठाकर खिताब अपने नाम किया।
- ❖ विश्व हाथी दिवस 2024 की थीम "प्रागैतिहासिक सौंदर्य, धार्मिक प्रासंगिकता और पर्यावरणीय महत्व को मूर्त रूप देना" है, जिसे 12 अगस्त को मनाया जाता है।
- ❖ शाहरुख खान को लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल 2024 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- ❖ रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागमे ने 99 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने के बाद अपने चौथे कार्यकाल के लिए शपथ ली।

## महत्वपूर्ण दैनिक समसामयिक प्रश्न

**Q1. भारत के नए कैबिनेट सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया जाना तय है?**

(a) पीके मिश्रा

(b) टी.वी. सोमनाथन

(c) राजीव गाबा

(d) राजीव कुमार

**उत्तर- B**

**Q2. निम्नलिखित में से किसे ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते द्वारा सम्मानित किया गया है?**

(a) द्रौपदी मुर्मू

(b) नरेंद्र मोदी

(c) एस. जयशंकर

(d) राजनाथ सिंह

**उत्तर - A**

❍❍❍❍

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH